भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **859**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024/8 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**डीएपी की आवश्यकता और उपलब्धता**

**859. श्री गिरिधारी यादव:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्तमान वर्ष के दौरान डीएपी की आवश्यकता और उपलब्धता, दोनों के बीच घरेलू और आयात दोनों में अंतर है; और

(ख) यदि हां, तो डीएपी की आवश्यकता और उपलब्धता का ब्यौरा क्या है तथा आवश्यकता और उपलब्धता के बीच के अंतर को पाटने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क) और (ख):** खरीफ 2024 मौसम के दौरान, देश में डीएपी की 59.87 एलएमटी की आवश्यकता के लिए, डीएपी की उपलब्धता 58.08 एलएमटी थी जबकि डीएपी की बिक्री 46.12 एलएमटी थी। इसके अतिरिक्त, चालू रबी 2024-25 मौसम के दौरान, देश में 01.10.2024 से 24.11.2024 की समय अवधि के लिए डीएपी की 31.60 एलएमटी की आवश्यकता के लिए, डीएपी की उपलब्धता 34.07 एलएमटी रही है जबकि डीएपी की बिक्री 24.23 एलएमटी है।

*******